शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग की कम प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## बीईओ एवं बीआरसी पर करें कार्यवाही, सहायक यंत्री के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि विभाग के सभी लोकसेवकों की ई-अटेंडेंस हमारे शिक्षक ऐप में अनिवार्यतः लगाई जाये। ऑनलाईन उपस्थिति नहीं दर्ज कराने वालों पर कार्यवाही की जाये। कलेक्टर ने शाला मॉनिटरिंग के लक्ष्यों में वांछित प्रगति नहीं होने पर बड़वारा के बीईओ और बीआरसी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

### नोटिस जारी करने दी हिदायत

कलेक्टर श्री तिवारी ने समीक्षा के दौरान जिला परियोजना समन्व यक कार्यालय के सहायक यंत्री की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुये सहायक यंत्री कोमल कोल के सहायक यंत्री के प्रभार में बदलाव करने के निर्देश दिये। कलेक्टंर ने सहायक यंत्री के वेतन आहरण पर रोक लगाने और कारण बताओ नोटिस जारी करने की भी हिदायत दी।

कलेक्टहर ने शाला त्याागी और स्कूल से पलायन करने वाले बच्चों का सत्यापन कराने और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के कार्य में पूरे अमले को सक्रियता से कार्य करने की नसीहत दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने मैदानी स्तर पर कमजोर प्रगति, क्रियान्वयन और पर्यवेक्षण में अभाव तथा सुस्त एवं लचर कार्यप्रणाली पर जिला शिक्षा केन्द्रं के सभी एपीसी के कार्यों के प्रति गहन असंतोष व्यक्त किया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बैठक में अपार आईडी बनाने, यू-डाइस के ड्रॉप बाक्स में शेष बचे स्टूडेंट के स्कूबलों में मैपिंग के निर्देश दिये। उन्होंने आयोजित हो रहे आधार कैंप में अधिकत्म स्कूली बच्चों के आधार अपडेशन कार्य के निर्देश दिये। उन्हों ने सभी बीआरसी को निर्देशित किया कि वे निपुण शालाओं का नियमित निरीक्षण और पर्यवेक्षण करें। खुद भी कक्षायें पढ़ायें। बेहतर निपुण शालाओं को गणतंत्र दिवस पर सम्माणनित किया जायेगा।

### शिक्षण व्यवस्था पर रखें ध्यान

कलेक्टर ने दो-टूक लहजे में कहा कि जिन स्कूलों में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं के बोर्ड परीक्षा के परिणाम बीते साल कमजोर रहें हैं, उन विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था पर खास ध्यान रखने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### दस दस प्रश्नोत्तर करायें तैयार

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम की बेहतरी के लिये अभिनव पहल करते हुये सक्सेस 3.0 कार्यक्रम को लांच किया। इसके माध्यिम से छात्रों को शैक्षणिक मदद हेतु प्रतिदिन प्रति विषय दस-दस प्रश्नोात्तर तैयार कर विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा उपलब्ध करायें जायेंगे और इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी। सक्सेस 3.0 के माध्यपम से कक्षा 12वीं के 14 विषय (वैकल्पिक विषयों सहित) और कक्षा 10वीं के 6 विषय को मिलाकर कुल 20 विषयों के दस-दस प्रश्नों के पीडीएफ प्रतिदिन उपलब्धर करायें जायेंगे।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी और डाइट को निर्देशित किया कि वे कक्षा 12वीं तक के छात्रों के लिये बेहतर गुणवत्तायुिक्तो स्टयडी मटेरियल का चयन कर गूगल शीट लिंक तैयार करें ताकि कमजोर विद्यार्थी भी सहजता से संबंधित चैप्टररों को समझ सके और इस पठन सामग्री के लिंक का उपयोग स्माहर्ट क्लाचस का प्रयोग जिले की आईसीटी प्रयोगशाला में किया जा सके।

## 25 हज़ार की अवैध शराब जब्त, 8 प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त स्लीमनाबाद के अंतर्गत ग्राम तेवरी शंकर की भाटिया, नैगवाँ, निमासऔरदेवरी सानी में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम के बताया कि दबिश के दौरान45 पाव देशी मदिरा मसाला, 21 पाव देशी मदिरा प्लेन, 8 लीटर हाथ भट्टी शराबएवं प्लास्टिक के गुम्मो में लगभग 180 किलोग्राम महुआ लाहन जब्तर किया गया। जब्तर शराब और महुआ लाहन की कीमत अनुमानित कीमत 25 हज़ार 500 रुपए है।जब्त महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। कार्यवाही कर 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही में वृत स्लीमनाबाद प्रभारी आबकारी एसआई अतुल कुटार, आबकारी आरक्षक राजेश गौंटियाएवंसैनिक प्रभुलाल सेन शामिल रहे।

### जिला पोषण समिति समिति की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पोषण समिति एवं जिला स्वाास्य्कि समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सुश्री वनश्री कुर्वेती ने सभी संबंधित अधिकारियों से बैठक के दौरान उपस्थिति रहने का अनुरोध किया है।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्य क्षता में शुक्रवार 26 दिसंबर को जिला चिकित्सालयकटनी में दोपहर 3:30 बजेरोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जिला चिकित्सालय के निरंतर विकास को जनोपयोगी बनाने के साथ ही, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) आधार पर जिले में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की भावी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

खबर संक्षेप



### अंकुर गर्ग राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

**उमरियापान।** समीपस्थ ग्राम बिछिया के निवासी अंकुर गर्ग को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं सर्वोच्च योगदान के लिए देश के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया है। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित गरिमामय समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रदान किया गया।अंकुर गर्ग, ग्राम बिछिया निवासी स्व. विनोद गर्ग के सुपुत्र हैं। वर्तमान में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में पदस्थ हैं। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर न केवल अपने गांव और जिले, बल्कि पूरे प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, समाजसेवी सत्यनारायण पांडेय, विजय दुबे, संतोष दुबे,अंकित झारिया,धर्मेन्द्र गौतम सहित जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने अंकुर गर्ग को शुभकामनाएं एवं बधाई दी हैं। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अंकुर गर्ग युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

### राधा कृष्ण मंदिर बांधा में 1 जनवरी को होंगे उत्सव

**स्लीमनाबाद।** श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में 1 जनवरी 2026 गुरुवार को नूतन वर्ष के प्रारंभ दिवस के अवसर पर प्रात से सायं तक विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक उत्सव आयोजित होंगे । श्री राधाकृष्ण सेवा समिति द्वारा प्रदत्त जानकारी विवरण अनुसार प्रातः 11 बजे से श्री राधारानी भजन मंडल इमलाज एवं मझगवां द्वारा भजन संकीर्तन होंगे। दोपहर 2 बजे से अपनी श्रेष्ठ कविताओं के माध्यम से कवि शरद जायसवाल, कवि अनिल मिश्रा, कवि अखिलेश दुबे, कवियत्री पुष्पा गुप्ता प्राजंलि, कवि प्रियांशु तिवारी सागर, के द्वारा भगवान के श्री चरणों में आनंद पूर्ण अभिव्यक्तियां भेंट की जावेगी । अपरान्ह 3:00 बजे से श्री राधा बल्लभ भजन मंडल की निष्काम भजन सेविका श्रीमती सुनीता नायक, श्रीमती ज्योति कस्तवार, श्रीमती स्नेहा यादव, सुश्री पूजा मिश्रा, सुश्री मानसी अपने भजनों द्वारा नूतन वर्ष के प्रारंभ दिवस को दिव्य बनाएंगे । सायं 6:30 बजे भगवान श्री राधाकृष्ण जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी एवं हनुमान जी की भव्य महाआरती आयोजित होगी । भगवान का अमृतमय प्रसाद प्रातः से सायं तक वितरित होगा । श्रद्धालु जनों से मंदिर पधारकर नूतन वर्ष प्रारंभ करने की प्रार्थना की गई है ।

### ग्रामीणों में तेंदुए की दहशत, वन विभाग से रेस्क्यू की मांग

**उमरियापान।** उमरियापान के मुड़िया पुरवा, टोपी, घुघरा, घुघरी, धौरेशर, कछारगांव छोटा और पचपेढी सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जंगली जानवर तेंदुए की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में बकरी चराने वाले एवं कृषि कार्य करने वाले लोगों ने तेंदुए को देखा है। तेंदुए ने दो बकरियों का शिकार भी किया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भय व्याप्त हैं। बच्चों के स्कूल आने-जाने को लेकर अभिभावक चिंतित हैं। वैभव चौरसिया, रमाकांत चौरसिया, दिनेश ठाकुर, सुनील चौरसिया रामगोपाल पटेल, मनीष चौरसिया ने ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी के नाम पत्र सौंपकर मांग की गई है कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से पूर्व तेंदुए का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा जाए, ताकि ग्रामीण भयमुक्त होकर अपना जीवन यापन कर सकें।

सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन, विजेता खिलाड़ी हुये पुरस्कृत

## लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में बहोरीबंद की टीमों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



ग्रामीण अंचलो की खेल प्रतिभाओ को निखारने खजुराहो सांसद के द्वारा सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की गईं जिसमें सबसे पहले विधानसभा स्तर परसांसद खेल महोत्सव आयोजित किया गया। बहोरीबंद विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव स्लीमनाबाद खेल स्टेडियम में आयोजित हुआ जहाँ विधानसभा स्तरीय खेल महोत्सव में विजेता टीमें व प्रथम स्थान अर्जित करने वाले खिलाडी लोकसभा स्तरीय खेल महोत्सव में चयनित हुये। लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव पन्ना मैं 23 से 25 दिसंबर तक चला। सांसद खेल महोत्सव 2025 में खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत में बहोरीबंद, मुड़वारा, विजयराघवगढ़, राजनगर, पवई, चंदला, पन्ना और गुनौर विधानसभा की टीमों ने सहभागिता की जिसमें बहोरीबंद विधानसभा अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये खिताब जीते।

खेल प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि अंडर -19 बालक कबड्डी वर्ग में तेवरी तो अंडर -19 रस्साकसी बालिका में सांदीपनि विद्यालय स्लीमनाबाद तों योगा बालिका वर्ग में सांदीपनि विद्यालय बहोरीबंद विजेता रहा। वही विलियम हेनरी स्कूल स्लीमनाबाद,उत्कृष्ट विद्यालय बहोरीबंद के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स में पदक जीते और संसारपुर, तेवरी, बहोरीबंद, बचैया के खिलाड़ियों ने कुश्ती साथ ही बाकल स्कूल के खिलाड़ियों ने दौड़ व गोला फेंक में पदक जीते हैं।

लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन गुरुवार को हो गया। समापन कार्यक्रम में खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, सुनील उपाध्याय बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डेय की उपस्थिति में पुरस्कार का वितरण किया गया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, विजय गुप्ता, अजय पप्पू मिश्रा, सुनील रतन गुप्ता, अमित लकी अग्रहरि,काजल रजक, सांदीपनी स्लीमनाबाद प्राचार्य डी के ठाकुर, तेवरी प्राचार्य मनोज हल्दकार, रेखा सिंह, राकेश विश्वकर्मा, धनेश रैले, रामकुमार पटेल, सौरभ सिंह राजपूत ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी ।

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर हुआ आयोजन



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक कैलेंडर के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य इंद्र कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया । जिसकी अध्यक्षता असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विनय कुमार जैन ने की एवं कार्यक्रम प्रभारी गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजेंद्र कुमार उइके व संयोजक आरती मिश्रा रहे। कार्यक्रम बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए जिसमें पोस्टर,निबंध, प्रश्नोत्तरी,पजल,आदि शामिल थे। इसमें कई छात्रों ने अपनी सहभागिता दिखाई। इसके अलावा भाषण के लिए मंच का संचालन किया गया। मंच का संचालन कम्प्यूटर साइंस के प्रभारी डॉ विवेक शुक्ला ने की । एसिस्टेंट प्रोफ़ेसर नवीन गौतम ने छात्रों से पजल सॉल्व करवाया। एसिस्टेंट प्रोफ़ेसर राजेंद्र उइके ने महान गणितज्ञ रामानुजन के गणित विषय में योगदान के बारे मे बताया । इसमें बीएससी के छात्रों नंदकिशोर, वर्षा राजपूत , रागिनी द्वारा गणित पर रामानुजन का जीवन परिचय व गणित पर उनके योगदान के बारे में बताया एवं । इसके पश्चात प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरुस्कार वितरण किया गया। इस दौरान सुश्री दिव्या तिवारी,डॉ महिमा तिवारी,डॉ ममिता पटले, डॉ नीतू सोनी मंजू द्विवेदी डॉ अजय गोंड , डॉ रश्मि पाण्डेय,डॉ प्रवीण गर्ग ,डॉ गरिमा श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

## साहित्य महोत्सव पुस्तक मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



साधूराम उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल परिसर में आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय पुस्तक मेले और साहित्य महोत्सव का शुभारंभ किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी।

शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिल्ली के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र सिंह ठाकुर, मुख्य अतिथि के रूप में रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ राजेन्द्र कुमार कुररिया मौजूद रहे। शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा की गई।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग संघ चालक विपिन तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ पारस जैन भी मंचासीन रहे। साहित्य महोत्सव और पुस्तक मेले शुभारंभ कार्यक्रम का मंच संचालन राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विभाग कार्यवाह अमित कनकने द्वारा किया गया। साहित्य महोत्सव और पुस्तक मेले के शुभारंभ अवसर पर सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन स्वामी विवेकानंद जनसेवा संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक प्रदीप शर्मा द्वारा लिखी गई संघ शतक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। साथ ही सभी अतिथियों को पुस्तक की एक-एक प्रति भी दी गई। पुस्तक का प्रकाशन ग्रंथ अकादमी नई दिल्ली द्वारा किया गया है। पुस्तक मेले के शंभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इस दौरान काफी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। 25 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से पुस्तक विमोचन, पुस्तक समीक्षा और साहित्य महोत्सव का आयोजन किया गया।

सड़क का निर्माण नहीं होने पर आगामी चुनावों का करेंगे बहिष्कार

## खस्ताहाल मार्ग से परेशान विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने किया चकाजाम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



देवरी-हटाई-बछौली मार्ग की जर्जर हालत के विरोध में ग्रामीणों के साथ बड़ी संख्या में स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने शासन और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिससे घंटों तक आवाजाही बाधित रही। प्रदर्शन में शामिल छात्र-छात्राओं ने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि यह आए दिन होने वाले हादसों का मुख्य कारण बन रही है। छात्रों का कहना है कि बारिश के दिनों में सड़क पूरी तरह कीचड़ और गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाती है। खराब सड़क के कारण स्कूल और कॉलेज पहुंचने में सामान्य से कहीं अधिक समय लगता है। साइकिल चलाना या पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं है, जिससे उनकी शिक्षा प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने कई बार लिखित आवेदन दिए, लेकिन उन्हें हर बार केवल कोरा आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा, ₹चुनाव के दौरान नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन जीत के बाद वे जनता की समस्याओं पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझते।

प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर खड़े होकर सड़क नहीं तो वोट नहीं और प्रशासन होश में आओ जैसे नारे लगाए। चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि जब तक कोई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं आता, जाम नहीं खोला जाएगा। सड़क निर्माण कार्य शुरू करने के लिए प्रशासन को ठोस लिखित आश्वासन देना होगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे आगामी चुनावों का बहिष्कार करेंगे और आंदोलन को और उग्र बनाएंगे।

शैक्षिक संवाद का जिला स्तरीय माध्यमिक स्तर उन्मुखीकरण आयोजित

## प्रभावी लेखन, पुनरावलोकन एवं समेकन है पाठ योजना की अनिवार्य आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कटनी में माध्यमिक शाला के 89 सहजकर्ता शिक्षकों एवं जन शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण आयोजित किया गया।

उन्मुखीकरण में जानकारी देते हुए डाइट से शैक्षिक संवाद प्रभारी राकेश सिन्नरकर ने बताया कि सत्र 2025-26 में अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक प्रतिमाह प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र में शैक्षिक संवाद का आयोजन किया जा रहा ह। इसमें द्वितीय शनिवार को कक्षा 1 से 2, तृतीय शनिवार को कक्षा 3से 5 तथा चतुर्थ शनिवार को कक्षा 6 से 8 का शैक्षिक संवाद आयोजित किये जाने के निर्देश हैं।

कक्षा 3 से 5 हेतु शैक्षिक संवाद की थीम प्राथमिक कक्षाओं में प्रभावी लेखन तथा कक्षा 6 से 8 के संवाद हेतु पुनरावलोकन एवं समेकन निर्धारित की गई है। राज्य से प्रशिक्षित जिला स्तरीय सहजकर्ताओं सारिका गुप्ता एवं पायल अग्रवाल ने नवंबर माह के शैक्षिक संवाद के सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए डैशबोर्ड के आधार पर पिछले संवाद की समीक्षा,प्रभावी चर्चा हेतु साझा नियम, महत्वपूर्ण बिंदुओं का दोहराव, शैक्षिक संवाद के आयोजन के मुख्य उद्देश्य, डिजाइन सिद्धांत,पोस्ट वर्क, एंट्री रूटीन एक रोचक शुरुआत एवं प्रशिक्षण से जुड़ाव, पिछले संवाद से सीख, पुनरावलोकन एवं समेकन की आवश्यकता एवं शिक्षण अधिगम में इसका महत्व, प्रभावी पुनरावलोकन एवं समेकन को विभिन्न केस स्टडी एवं परिदृश्य के माध्यम से सभी शिक्षकों से प्रभावी चर्चा की।

संवाद के अंत में दोनों सहजकर्ताओं ने सभी शिक्षकों को पोस्टवर्क दिया। पीपल संस्था से नौशाद खान ने दीक्षा ऐप पर कोर्स पूर्ण करने तथा बेस्ट प्रैक्टिसेज को पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से साझा किया।

डाइट से प्रशिक्षण प्रभारी राजेंद्र असाटी ने कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों को पूर्ण करने की दिशा में तकनीकी का प्रभावी उपयोग, आगामी प्रशिक्षण योजना, मॉनिटरिंग प्रारूप, निपुण भारत के लक्ष्य, राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण एवं विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणाम के आधार पर चिन्हित किए गए कम उपलब्धि वाले लर्निंग आउटकम को बेहतर करने हेतु प्रस्तुतिकरण किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली शालाओं में अधोसंरचना की पूर्ति तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत करने की योजना भी बताई।

उन्मुखीकरण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिकाओं शिखा पांडे एवं रमा सोनी के कार्यों का वीडियो दिखाया गया।

प्राचार्य एम पी डुंगडुंग द्वारा मॉनिटरिंग में दिए गए निर्देशों के अनुरूप अपने विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापना हेतु बालक एवं कन्या माध्यमिक शाला बरही,ददरा टोला के शाला प्रमुख एवं शिक्षकों की सराहना की गई।संवाद में उपस्थित सभी सहज़कर्ता आगामी 27 दिसंबर को अपने जन शिक्षा केंद्र में शैक्षिक संवाद का आयोजन करेंगे।



## विद्युत मंडल ने 48 कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

विद्युत वितरण मंडल द्वारा संचालित समाधान योजना के तहत उमरियापान क्षेत्र में बकायादार उपभोक्ताओं से करीब 1 लाख 42 हजार रुपये की वसूली की गई। योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को लंबित बिजली बिलों के भुगतान में राहत दी जा रही है। उमरियापान के कनिष्ठ अभियंता मजहर अली ने बताया कि दक्षिण संभाग अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र उमरियापान में समाधान योजना के तहत विशेष वसूली अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 35 उपभोक्ताओं से 1 लाख 42 हजार रुपये की राशि जमा कराई गई। वहीं, बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 48 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समाधान योजना का लाभ उठाते हुए समय पर अपने बकाया बिजली बिलों का भुगतान करें, ताकि विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त ने खाामियां देख जताई नाराजगी

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रिज्यूवेशन के तहत 1.08 करोड़ रूपये की लागत से कराए जा रहे पिचिंग, घाट मरम्मत, पाथवे निर्माण, सीढ़ियों में कराए गए स्टोन वर्क सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीढियों के कुछ स्थलों पर पिचिंग के पत्थर निकलने, सीढियों के स्टोन टूटने तथा स्टोन के बीच गैप होनें, व साईज की सीढियों में स्टोन का कार्य शेष होने पर नाराजगी व्यक्त की जाकर समस्त कार्यों में सुधार लानें के साथ ही शेष कार्यों को मानक गुणवत्ता के साथ शीध्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने घाट में की सीढियों एवं आसपास के स्थल में समुचित सफाई करानें हेतु अधिकारी को निर्देश दिये।

### झिरमिला टीम को हराकर टिकरिया ने जीता मैच



**सिलौंडी।** सिलौंडी में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ में भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय, सरपंच पंचों संतोष कुमार, मंडल मंत्री सोनल मिश्रा प्रिंसिपल रतिराम अहिरवार, संतोष काछी, सौरभ सेन , सभी अतिथियों ने फीता काटकर शुरुवात किया है। पहला मैच टिकरिया बघराजी और झिरमिला के बीच 12 12 ओवर का खेला। झिरमिल की पूरी टीम सिर्फ 48 रन ही बना सकी। जवाबी पारी में टिकरिया ने 50 रन 8 ओवर बनाकर मैच जीत लिया। भाजपा जिला मंत्री डॉक्टर प्रशांत राय ने बताया ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का हर वर्ष आयोजन होता है ।इस दौरान सतीश काछी अमहेटा , रिंकू राय ,प्रवीण काछी अतरसुमा,बैजू दाहिया,सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन की मौजूदगी रही है

### गोदाम में भंडारित 750 क्विंटल धान निकासी पर रोक

**कटनी।** गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में बुधवार को संयुक्त जांच दल ने बुधवार को ग्राम देवरी टोला स्थित दीपक राइस मिल कि जांच की। जांच के दौरान परिसर में लगभग 750 क्विंटल धान का भंडारण पाया गया। मौके पर भंडारित धान की निकासी पर 20 जनवरी तक रोक लगा कर संचालक दीपक फेरवानी को आवश्यक निर्देश दिये गये। जांच में सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ल एवं जिला प्रबंधक नान देवेन्द्र तिवारी शामिल रहे।

### रोजगार, एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज

**कटनी।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर 26 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रोशन नगर स्थित शासकीय आईटीआई कटनी में रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले (युवा संगम) का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्याापार एवं उद्योग केन्द्री एवं शासकीय आईटीआई कटनी के संयुक्ता तत्वौवधान में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले द्वारा 26 प्रतिष्ठित कंपनियों के 848 रिक्तपदों पर भर्ती की जाएगी।साथ ही इसमें स्वरोजगार हेतु (आयु 18 से 45 वर्ष) ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा भी युवाओं को जानकारी प्रदान की जा कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे । इस युवा संगम रोजगार मेले में 8 वीं से स्नातक,आईटीआई,डिप्लोमा उत्तीर्ण युवक जिनकी उम्र 18 से 35 वर्ष हो, वह अपनी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियाँ, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आई.डी. (अनिवार्य), आधार कार्ड, जाति एवं मूल निवासी के प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार मेले में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं।

### ढीमरखेड़ा जनपद की अतरसुमा पंचायत में अनियमितताएं, जिम्मेदारों ने साधा मौन

# कागजी आंकड़ों में विकास कार्य करा लाखों के हेरफेर के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



कागजी आंकड़ों में विकास कार्य कराये जाने एवं लाखों रूपए की हेरफेर के आरोप अतरसुमा पंचायत पर लगाये गये है। विकास कार्यों में विसंगतियों को रोकने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होती है लेकिन वे ही दायित्व पालन में लापरवाही बरत रहे है जिससे सरकारी राशि का गोलमाल किया जा रहा है। निर्माण कार्यों में न तो गुणवत्ता की टोह ली जाती न ही मौका स्थिति का निरीक्षण किया जाता है।

ग्राम पंचायत अतरसुमा में गली प्लग सह ड्रेनेज ट्रीटमेंट कार्य में लीपापोती कर करीब 12 लाख की राशि में सेंधमारी के आरोप लगाये गये हैं। नाला तट शुद्धिकरण गली प्लग चेक डैम आदि कार्यों में मनरेगा जैसे कार्यों में अनियमितताएं सामने आ रही हैं कई स्थानों पर तो कार्य शुरू नहीं हुआ लेकिन कागजों में लाखों का खर्च दिखाया गया है।

#### इन कार्यों के नाम पर खेल

ग्राम पंचायत अतरसुमा में गाली प्लग सह ड्रेनेज ट्रीटमेंट कार्य( बग्गा नाल में दशरथ के खेत से फागु के खेत की ओर राशि (180600) पहले बिल दूसरा बिल की राशि(85050) रुपये नदी तट शुद्धिकरण कार्य बोदा हल्का (135450) दूसरा बिल(64050) गली प्लग बेलवाला नाला हल्का (49980) रुपये की राशि गली प्लग बैहा झील नाला हल्का राशि (42839.75) रुपये सूखा नाला तट शुद्धिकरण कोसम घाट(152999) रुपये की राशि कथरी नाल तट शुद्धिकरण कालूराम के खेत से सुआ नदी की ओर अतरसुमा (74757) रुपये की राशि नदी तट शुद्धिकरण कार्य बोदा (135450) रुपये की राशि कधरीनाला तट शुद्धिकरण कार्य पार्ट 2(156764) रुपये की राशि गली प्लग बेलवाला नाला (77776) रुपये की राशि का कार्य कराया गया है जिसमें लगभग 12 लाख 19 हजार 765 रुपए का कार्य ग्राम पंचायत रुपये व्यय किए गए हैं। इन कार्य में जिन बौल्डर पत्थरों का उपयोग किया गया है सवह चर्चा का विषय बना हुआ है।

#### उपयोग किये पत्थर चर्चा का विषय

सूत्रों की माने तो जिन पत्थरों का उपयोग किया गया है उन पत्थरों को जंगल या पहाड़ों से मजदूरों द्वारा बिनवाया गया है और वेंडरो के बिल लगाकर राशि आहरण कर ली गई। वास्तविक रूप से देखा जाए तो यह पत्थर किसी भी दुकानों में नहीं बिकते और ना ही किसी वेंडरो के पास नहीं है फिर भी पत्थर आपूर्ति के नाम पर बिल लगाकर राशि अहिरित कर ली गई है।

#### आधे अधूरे कार्यों की राशि भी आहरित कर ली गई

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अधिकांश स्थानों पर कार्य अपूर्ण है यह हुआ ही नहीं है फिर भी बिल पास कर भुगतान कर दिया गया है। ग्रामीणों ने उच्च स्तर की जांच की मांग की गई है। विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। आधे अधूरे एवं गुणवत्ताहीन कार्य कराकर कागजी आंकड़ों की कलाबाजी कर खेल किया जा रहा है।



## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक महिला की मौत, आधा दर्जन व्यक्ति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चोरी रोड पर बीती शाम अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार मैहर जिले के ग्राम मन्तुलवा निवासी एक ही परिवार के कुछ सदस्य बीते दिन 'पथ' लेकर विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चोरी आए थे। आज शाम जब वे वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी ग्राम चोरी रोड पर एक तीव्र ढलान के कारण चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुँचकर 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए कटनी जिला अस्पताल भेजा। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पूजा निवासी सिंगरौली, वर्तमान निवासी जिला मैहर की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य घायलों का उपचार फिलहाल जिला अस्पताल में जारी है, जिनमें से कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## स्कूलों में बाल विवाह के रोकने दी गई जानकारी

**विजयराघवगढ़।** पीएमश्री हाई स्कूल चरी एवं सांदीपनि (सीएम राइज) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारीतलाई में बाल विवाह के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह संबंधी अधिनियम, इससे होने वाले सामाजिक आर्थिक और शारीरिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई । बताया गया की 18 वर्ष से कम उम्र की महिलाएं तथा 21 वर्ष से कम उम्र के पुरुष बाल विवाह की श्रेणी में आते हैं।

### संकट मोचन जगन्नाथ धाम से निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

## कलश यात्रा के साथ पचमठा धाम में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़



धार्मिक ऐतिहासिक नगरी के पचमठा धाम में सप्त दिवसीय संगीत मेंय श्रीमद् भागवत कथा आरंभ में प्रथम दिवस श्री संकट मोचन जगन्नाथ धाम से बैंड बाजा की धुन में भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ कर में बाजार से होते हुए कथा स्थल पचमठा धाम भारी संख्या में लोग पहुंचे जहां प्राचीन पांच मठो में क्रमशः विशाल कॉय श्री गणेश जी की प्रतिमा श्री संकट मोचन हनुमानजी की दक्षिण मुखी प्रतिमा रथ में आरूढ़ भगवान श्री सूर्य देव देवों के देव महादेव एवं मां सरस्वती विराजमान है जिनकी कृपा एवं आनंदकंद श्री कृष्णा भगवान की अहैतू कृपा से नगर मैं जनमानस के सहयोग से सप्त दिवसीय संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई।

#### महात्म का किया वर्णन

कथा व्यास अचार्य अनुज कृष्ण जी महाराज द्वारा प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत कथा के महात्म का वर्णन करते हुए बताया गया कि सच्चिदानंद रूपाय विश्वयोपथ्यादि हेतबे तपत्रय विनाशाय श्री कृष्णाय वयं नमःइन तीन बातों को समझाते हुए बताया कि सत चित आनंद जिसमें अविनाशी जो पहले सत्य था मध्य में सत्य है और अंत में भी सत्य बचेगा आत्मा अविनाशी है जो सत्य है उसे सत्य को हम सत कहते हैं चित याने प्रकाश हमें कोई कार्य करना है उसमें प्रकाश की आवश्यकता होती है लेकिन परमात्मा को कभी किसी से प्रकाश लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती जो साक्षात प्रकाश स्वरूप है तीसरी बात है चित वह चित भी श्री कृष्ण है और आनंद भी श्री कृष्ण है जो विश्व को बनाते हैं उसका पालन करते हैं उसको लय कर देते हैं जिनकी कृपा से सारा संसार चलता है और तपत्र विनाशाय तीनों प्रकार के तापों को नष्ट करने की सामर्थ है ऐसे श्री कृष्ण को हम बारंबार प्रणाम करते हैं।

इस अवसर पर श्रीमती वसुधा मनीष देव मिश्रा हरीश दुबे राजेश दुबे पंडित जागेश्वर प्रसाद मिश्रा हरिओम बर्मन जयवंत सिंह चौहान आशुतोष शराफ रोहित मिश्रा सोनू दुबे अशोक कुमार गुप्ता श्रीमती सुलेखा शर्मा राजकुमार चतुर्वेदी प्रताप सिंह सहित सैकड़ो भक्तजनों की उपस्थिति रही

### स्कूलों में पहुंचकर कलेक्टर ने पढ़ाई की प्रगति का लिया जायजा



कलेक्टर आशीष तिवारी ने बहोरीबंद भ्रमण के दौरान शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की पढ़ाई की प्रगति का जायजा लेने के लिये शासकीय प्राथमिक शाला आनंदपुर तिहारी और महावीर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद पहुंचे। उन्होंने यहां छात्रों से खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख दी। कलेक्टर ने छात्रों से पाठ्यक्रम पूरा हुआ कि नहीं की जानकारी ली। बहोरीबंद स्कूल के कक्षा 12वीं की क्लास में भी कलेक्टर पहुंचे और सक्सेस 3.0 के तहत तैयार किये गये अंग्रेजी विषयवस्तु के संबंध में छात्रों से प्रश्न पूछे। सभी छात्रों ने कलेक्टर को पाठ पढ़कर सुनाया। इसके बाद कलेक्टर इसी स्कूल की कक्षा 8 में पहुंचे और छात्रों से अंग्रेजी की पाठ्य पुस्तक का पाठन कराया। यहां मौजूद प्राचार्य महेन्द्र कुमार राय ने बताया कि इस स्कूल में करीब 1280 छात्र-छात्रायें हैं। कलेक्टर ने यहां अधूरे निर्माणाधीन भवन को पूर्ण कराने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश बीआरसी को दिये। इस भवन के पूरा बन जाने पर स्कूल संचालन के लिये अतिरिक्त कमरों की उपलब्धता हो सकेगी। जिससे स्कूल संचालन में सुगमता होगी। कलेक्टर ने प्राथमिक शाला आनंदपुर में बच्चों से गणित, हिन्दी और सामान्य प्रश्न पूछा जिसका छात्रों ने बड़ी कुशलता से सही जवाब दिया। इस पर कलेक्टर ने छात्रों को बिस्किट और टॉफियां प्रदान किया।

## पदक विजेता दिव्यांग खिलाड़ियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



14वीं नेशनल पैरा जूडो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त करने पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता रमेश मेहरा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर की अध्यक्षता में जिला पंचायत कटनी के सभागृह में जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिये सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि 19 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक राजस्थान के श्रीगंगानगर में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छात्रावास प्रेम नगर के बच्चों सहित जिले के अन्य विशेष आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों ने सहभागिता की। बच्चों के कोच एवं मध्यप्रदेश ब्लाइंड जूडो एसोसिएशन के सेक्रेटरी भगवान दास के मार्गदर्शन में मनोज कहार के साथ अविनाश बैरागी एवं प्रदीप मिश्रा के सहयोग से बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

#### जिले का नाम किया रोशन

प्रतियोगिता में आरुष सिंह, सुदामा कुम्हार, पूनम साहू, अनुष्का चौधरी, अंशिका कुशवाहा, अमिता सिंह ने विभिन्न श्रेणियां में सिल्वर मेडल जबकि अजय, आकाश, सागर सिंह, अंजलि कॉल, शिल्पा निषाद ने विभिन्न श्रेणियां में ब्रोंज मेडल प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन करते हुए कटनी जिला प्रदेश का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि में एसीसी कैलड्रिज के प्लांट हेड पी. बी. विश्वास, अखिलेश द्विवेदी, अनिल यादव तथा साइटसेवर्स इंडिया के भरत पटेल का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीमती सुनीता रमेश मेहरा एवं सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा उन्हें शिक्षा के साथ-साथ खेलों में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### बच्चों के बैंड दल, परेड ड्रिल एवं नृत्य प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

## एनुअल स्पोर्ट्स मीट में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



तहसील क्षेत्र के बिचुआ स्थित ज्ञान मंगलमय पब्लिक स्कूल में तीन एनुअलग स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ बुधवार को विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा किया गया जिसमें अतिथि प्रमोद डेहरिया व संकुल प्राचार्य मनोज हल्दकार रहे। सभी बच्चों ने बैंड दल के साथ और परेड ड्रिल डांस के माध्यम से सभी अभिभावकों का मन मोहा। नर्सरी केजी 1 और केजी 2 के बच्चों के द्वारा जलेबी रेस, बैलून रेस,बाल रेस आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बैंड दल, परेड, ड्रिल एवं रंगारंग नृत्य से हुई। बच्चों की अनुशासित चाल, एकरूपता और जोश से भरी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विशेष रूप से नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

नर्सरी, केजी-1 एवं केजी-2 के बच्चों द्वारा आयोजित जलेबी रेस, बैलून रेस एवं बॉल रेस ने कार्यक्रम में उल्लास और मनोरंजन का माहौल बना दिया। मासूम बच्चों की मुस्कान, उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना को देखकर अभिभावक उत्साहित नजर आए।

स्कूल के संचालक सौरभ जैन एवं प्राचार्या श्रीमती सोहनी जैन द्वारा मुख्य अतिथियों एवं विशेष अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक प्रणय पांडेय ने बच्चों की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन विकसित होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं विशेष अतिथियों ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

विद्यालय प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्षिक स्पोर्ट्स मीट 2025 का आयोजन आज से प्रारंभ होकर 28 तारीख तक चलेगा, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। ज्ञान मंगलम पब्लिक स्कूल का यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देने वाला रहा।

### कॉलेज चलो अभियान के तहत प्राध्यापकों का दल पहुँचा स्कूल

## उच्च शिक्षा विभाग की योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



शासकीय महाविद्यालयों मै शिक्षण सत्र 2026-27 मे विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद के द्वारा कॉलेज चलो अभियान 2026 चलाया जा रहा है । अभियान के तहत महाविद्यालय की ओर से प्राध्यापक आशुतोष सोनी, सत्येंद्र सोनी व डॉ बालेन्द्र सिंह सहित अन्य महाविद्यालय स्टॉफ के द्वारा गुरुवार को धूरी बंधी व कौड़िया हायर सेकेण्डरी पहुँचा जहां प्राध्यापक दल ने विद्यालय के विद्यार्थियो को प्रवेश प्रक्रिया के साथ प्रवेश के दौरान होने वाली विभिन्न परेशानियों एवं उस समय किन सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए के संबंध में विस्तार से जानकारियां दी।

महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम, सुविधाओं, शासन द्वारा संचालित गांव की बेटी, मुख्य मंत्री मेधावी जैसी प्रोत्साहन एवं विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं जैसे संबल, आवास, एससी/एसटी,ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियो के लिए पोस्ट मैट्रिक के साथ संचालित अन्य योजनाओं से भी विद्यार्थियो को अवगत कराया।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों से विद्यार्थियो को अवगत कराते हुए उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। महाविद्यालय में उपलब्ध स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की अध्ययन की सुविधा, व्यक्तित्व विकास योजनाएं, एनसीसी, एनएसएस कौशल विकास की जानकारी, प्लेसमेंट की जानकारी, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की जानकारी, कैरियर अवसर मेला, व्यावसायिक पाठ्यक्रम, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकरी एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा दी गई। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, क्रीड़ा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के संबंध में भी विद्यार्थियो को अवगत कराया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कैरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गईं। कैरियर कॉउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय चयन, उच्च अध्ययन, रोजगार एवं कौशल आधारित शिक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

## विद्यार्थियों को केंचुआ खाद निर्माण तथा शस्य विज्ञान का दिया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्या डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे के द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में भारत में खेती के प्रकार के अंतर्गत देश के विभिन्न भागों की जलवायु भूमि की उर्वरक क्षमता और भूमिका आकार भिन्न-भिन्न है। बताया गया कि खेती के पांच प्रकार हैं- विशिष्ट खेती, मिश्रित खेती, शुष्क खेती, बहुत प्रकारीय खेती एवं रैंचिंग खेती।

श्री दुबे ने बताया कि केंचुआ खाद बनाने के लिए आइसी निया फोटीडा केंचुआ 30 से 45 दिन में कचरा गोबर को खाद बना देते हैं। केंचुआ खाद में सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं केंचुआ खाद के उपयोग से भूमि की गुणवत्ता में सुधार जलधारण क्षमता में वृद्धि एवं फसलों में कीटतथा रोग कम लगते हैं। फलों, सब्जियों एवं अनाजों का उत्पादन बढ़ जाता है पौष्टिक स्वाद रंग एवं आकार अच्छा हो जाता है। प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल केंचुआ खाद का उपयोग फसलों में करते हैं। केंचुआ एवं केंचुआ खाद से वार्षिक आय की जानकारी दी गई। जिससे विद्यार्थी ग्राम में रहकर ग्राम में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं। शस्य विज्ञान कृषि के क्षेत्र में भौतिक रासायनिक जैविक ज्ञान के द्वारा लाभकारी फसल उत्पादन में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करता है।

## खबर संक्षेप

### संदीपनि शासकीय विद्यालय पवई में कैरियर मार्गदर्शन आयोजित

**पवई।** संदीपनि शासकीय विद्यालय पवई में कैरियर मार्गदर्शन के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय के आए हुए प्राध्यापकों द्वारा छात्रों को ई प्रवेश ,वोकेशनल सब्जेक्ट एवं शासन की हितग्राही योजना जैसे छात्रवृत्ति गांव की बेटी योजना तथा विषय विशेषज्ञ द्वारा विशेष चयन की जानकारी दी गई तथा नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में भी बताया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर प्रवीण सिंह, डॉक्टर सत्या वर्मा, डॉक्टर जयकरण तथा दीपेंद्र कुमार रहे विद्यालय से प्राचार्य रामकृष्ण नगायच एवं समस्त स्टाफ तथा कक्षा 9 से 12 के समस्त छात्राओं को कैरियर के अवसरों की जानकारी दी। तथा छात्रों हेतु संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं, विभिन्न छात्रवृत्तियों, प्रवेश प्रक्रिया, विषय का चयन माइनर मेजर विषय आदि पर विस्तृत जानकारी दी।

### हिनौता में बोरी बंधान, भू-जल स्तर बढ़ाने की पहल

**पवई।** जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर संस्था पतने जन सेवा समिति, पवई द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखंड पवई की ग्राम पंचायत हिनौता में सराहनीय कार्य किया गया। अभियान के तहत खेतों के बीच से निकलने वाले नाले में बोरी बंधान किया गया, जिससे वर्षा जल का संरक्षण संभव होगा और क्षेत्र के भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। यह पहल जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस कार्य को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर अभियान को गति दी और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का परिचय दिया।

### सृजन कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न

**शाहनगर।** सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सृजन कार्यक्रम उत्साह और रचनात्मकता का उत्कृष्ट संगम बना। कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय प्राचार्य बी.एल. पांडेय रहे। इस अवसर पर नगर के आमजन, अभिभावक, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के संचालक तथा शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक महाहाविद्यालय के विद्वान प्राध्यापकों की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मार्गदर्शक शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा विविध ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक स्टॉल सजाए गए, जिनमें कला, वाणिज्य, आर्ट एवं क्राफ्ट, म्यूजिक, डांसिंग, पुस्तकालय, एनसीसी, स्काउट-गाइड, जूनियर रेड क्रॉस, एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत आईटी व इलेक्ट्रिकल्स से संबंधित नवाचार प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने। अभिभावकों और आगंतुकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता की सराहना की।

## रक्तदान करने के लिए डरे नहीं बल्कि आगे आकर रक्तदान करें



**दमोह।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी के 101 वें जन्म दिवस के अवसर पर दमोह के वरिष्ठ पत्रकार और सकल हिंदू समाज के संरक्षक अटल राजेंद्र जैन के नेतृत्व में लगातार 18 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज दमोह जिला चिकित्सालय में दमोह के वरिष्ठ पत्रकार और सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के संरक्षक अटल राजेंद्र जैन ने 18 वीं बार रक्तदान करते बताया हैं कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई जाती है. इस दिन को सुशासन दिवस के रूप में भी जाना जाता है. अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे नेता थे जिन्होंने अपने विचारों, व्यवहार और कार्यों से देश को नई दिशा दी. वे तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे और हमेशा जनहित को सर्वोपरि रखा. अटल जी केवल एक सफल राजनेता ही नहीं थे, बल्कि वे एक प्रखर वक्ता, कवि, विचारशील लेखक और सच्चे राष्ट्रभक्त भी थे आज मैंने उनही की प्रेरणा से लगातार 18 वर्षों से में रक्तदान कर रहा हूं आमजन से भी अपील है कि वह रक्तदान करने के डरे नहीं बल्कि आगे आकर रक्तदान करें। पांतजली योग समिति के वरिष्ठ और समाज सेवी कृष्ण कुमार परौहा ने 08 बी बार रक्तदान करते हुए कहा है कि मुझे रक्तदान करने की प्रेरणा जिले के वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेन्द्र जैन से मिली है, मैंने उनके लिए अक्सर रक्तदान करते हुए देखा तब मेरे मन में भी विचार आया कि अटल राजेन्द्र जी की तरह में रक्तदान करूं और रक्तदान करना मुझे बेहद पसंद हैं। सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के संरक्षक दमोह के वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है एक प्रखर वक्ता, कवि, विचारशील लेखक और सच्चे राष्ट्रभक्त भी थे. उनकी वाणी में सरलता थी, लेकिन विचारों में गहराई. उन्होंने अपने जीवन में राजनीति को सेवा का माध्यम माना और अपने आचरण से सुशासन की मिसाल पेश की. उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने अपने समय में थे. शिक्षा, नेतृत्व, राष्ट्रप्रेम, मानवता और जीवन के मूल्यों पर उनके विचार हर व्यक्ति को सोचने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। अटल राजेंद्र जैन, कृष्ण कुमार परोहा, अखिलेश रजक इसका जीता जागता उदाहरण है।

### घटिया सामग्री व कम सरिया लगाकर निभा रहे खानापूर्ति

# मानपुरा गांव में नाली निर्माण में गुणवत्ता तार तार जिम्मेदार बने अंजान, जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

गांव के विकास व रहवासियों की सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रुपए निर्माण कार्य के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं लेकिन इन निर्माण एजेंसियों द्वारा घटिया सामग्री और कम मटेरियल का उपयोग कर विकास कार्य को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है जिसके चलते ग्रामवासियों को लाखों रुपए के काम में भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है। लेकिन इस और किसी भी अधिकारी जनप्रतिनिधि का ध्यान नहीं देते है। मामला दमोह जिले की तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बैलवाड़ा का जहां पर बीते चार सालों में विकास के नाम पर जमकर धांधली हो रही है। दरअसल बैलवाड़ा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम मानपुरा में लाखों रुपए खर्च कर बनाई जा रही है। नाली में गड़बड़ी और घटिया निर्माण कार्य कराए जाने का मामला सामने आया है। जहां पर ग्रामीणों ने नाली निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग एवं कम सामग्री में गुणवत्ताहीन कार्य करने के आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आपत्ति दर्ज कराने के बाद भी निर्माण में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है और तो और अधिकारी भी मौके का निरीक्षण कर कार्रवाई भी नहीं कर रहे हैं जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश है।

#### 4 से 5 फीट दूरी पर सरिया वो भी 8 एमएम की

मानपुरा गांव के लोगों का आरोप है गांव में पहली बार नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन उसमें भी सरपंच सचिव द्वारा जमकर गड़बड़ियां की जा रही है। दरअसल यहां पर राम जानकी मंदिर से बजरंगबली मंदिर तक नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें निर्माण सामग्री में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है यहां पर नाली निर्माण में कम मात्रा में नीचे बेस डाला गया है साथ ही मजबूती के लिए लोहे की सरिया लगानी थी लेकिन इस नाली में दोनो और 4 से5 फीट दूरी पर 8 एमएम की सरिया लगाकर खानापूर्ति की जा रही है गांव के लोगों का कहना है अगर नाली निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया तो नाली पहली बारिश में ही और वाहनों की चपेट में आने से धाराशाही व ध्वस्त हो जाएगी इस नाली निर्माण में मानक अनुसार मटेरियल का उपयोग नहीं किया जा रहा है जिसके चलते निश्चित दूरी पर सरिया का जाल न बिछाकर बेस डालकर घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है।वही दूसरी ओर बैलवाड़ा ग्राम पंचायत हमेशा ही भ्रष्टाचार और फर्जी बिलों को लेकर सुर्खियों में बनी रहती है इस बार भी इस ग्राम पंचायत में नाली निर्माण कार्य में जमकर राशि का बंदरबांट किया जा रहा है लाखों रुपए खर्च कर बनाई जा रही इस नाली में मानकों दफन कर घटिया सामग्री का उपयोग करते हुए नाली बनाई जा रही है नाली निर्माण में लोहा कम मात्रा में लगाकर अनुपयोगी नाली बनाई जा रही है इस ग्राम पंचायत में जितने भी विकास कार्य किए गए हैं वह गुणवत्ताहीन है गौरतलब हो कि ग्राम पंचायत के निर्माण कार्य की देखरेख व जांच की जिम्मेदारी उपयंत्री की होती है लेकिन उपयंत्री द्वारा कभी भी समय पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण नहीं किया जाता है जिसके कारण सरपंच सचिव व ठेकेदारों द्वारा गुणवत्ताहीन घटिया निर्माण कार्य कराए जाते हैं गांव के लोगों का कहना है जिनके ऊपर जिम्मेदारी वो ही नहीं देखते मौके पर गांव के लोगों द्वारा आरोप लगाया है कि जिम्मेदारी अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा इस नाली निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है इस संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव पूरन सिंह लोधी से बात करने के लिए फोन लगाया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जिसके कारण बात नहीं हो पाई।

इस संबंध में जनपद सीईओ मनीष बागरी का कहना है अगर नाली निर्माण में गुणवत्ताहीन कार्य और कम मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है तो मैं आज ही जांच कराता हूं अगर ऐसा पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। सहायक यंत्री एचके राज से बात की गई तो उन्होंने कहा मैं दिखवाता हूं।

# हटा में निकला बाल स्वयंसेवकों का पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

वीर बाल दिवस के अवसर पर सनातन धर्म के बाल वीर योद्धा चार साहिबजादो अजीत सिंह,जुझार सिंह, जोरावर सिंह,फ़तेह सिंह द्वारा धर्म की रक्षा के लिए शीश ना झुकाते हुए अपने प्राणों के बलिदान कर देने की ऐतिहासिक घटना की याद में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड हटा द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में बाल सम्मेलन आयोजित कर नगर में पथ संचलन निकाला गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में योजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं समाजसेवी सतवीर सिंह अरोरा उपस्थित रहे। वहीं बौद्धिक वक्ता के रूप में महेंद्र जी पटेल सह जिला कार्यवाह की उपस्थिति रही। जिन्होंने अपने उद्बोधन में बाल योद्धाओं की जीवन की अन्य घटनाओं का वर्णन करते हुए संघ संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार छत्रपति शिवाजी महाराज एवं गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादे जैसी वीर योद्धाओं का जीवन चरित्र बताया उन्होंने बताया कि वजीर खान छोटे साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह फतेह सिंह तथा माता गुजरी जी को उसे महीने की तेज सर्द रातों में तकलीफ देने के लिए ठंडे बुर्ज में कैद कर दिया यह चारों ओर से खुला और ऊंचा था इस ठंडे बुर्ज से ही माता गुजरी जी ने छोटे साहबजादों को लगातार तीन दिन तक धर्म की रक्षा के लिए शिक्षा प्रदान की एवं धर्म न बदलने का पाठ पढ़ाया था यही शिक्षा देकर माता गुजरी जी साहबजादों को नवाब वजीर खान की कचहरी में भेजती रही। बाल आयु के साहबजादों ने न तो वजीर खान के आगे शीश झुकाया और न ही धर्म बदला इससे गुस्साये वजीर खान ने दोनों साहबजादों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया। जब छोटे साहबजादों के बलिदान की सूचना माता गुजरी को मिली तो उन्होंने भी अपने प्राण त्याग दिए ।

कार्यक्रम के अगले चरण में बाल स्वयंसेवकों के द्वारा साथ-साथ संचलन किया गया। बड़ी संख्या में बाल स्वयंसेवकों ने नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए चंडी जी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, रतन बजरिया, बालाजी मंदिर तीन बत्ती तिग्गडा से होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्ण हुआ,इस दौरान जगह जगह बच्चों का पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी बच्चों एवं अतिथियों को अल्पाहार कराया गया।

### हिंडोरिया में बाल पथ संचलन निकला



**हिंडोरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा संघ कार्य शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर हिंडोरिया में बाल पथसंचलन आयोजित हुआ। जिसमें नगर के सैकड़ों बाल स्वयंसेवकों ने गणवेश में घोष की धुन पर नगर के प्रमुख मार्गो पर संचलन किया। नगर वासियो ने जगह जगह पुष्पवर्षा कर बाल स्वयंसेवको का अभिनंदन कर जय घोष लगा रहे थे।इससे पहले नगर स्थित बुंदेलखंड आई टी आई में दोपहर स्वयंसेवको का एकत्रीकरण हुआ। जहाँ जिला सह शारीरिक प्रमुख दीपेश जी का बाल स्वयंसेवको को उद्बोधन प्राप्त हुआ। ज्ञातव्य हो कि आज 100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के दिन डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी के द्वारा ऐसे ही नन्हे मुन्ने बालको के द्वारा संघ कार्य प्रारंभ किया था। आज सम्पूर्ण देश व विश्व के कई देशों में संघ कार्य अनवरत चल रहा है और सेवा के कार्य मे आज अग्रसर है। इस अवसर पर खण्ड कार्यवाह कल्याण सिंह, नगर कार्यवाह गोपाल साहू, नगर सेवा प्रमुख चंदनारायन पटेल, महाविद्यालय प्रमुख भारत सोनी व अन्य दायित्ववान स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

## छात्रों को स्वेटर बांटे



**बटियागढ़ ।** हमें परवाह है, संत श्री तारण तरण जयंती के उपलक्ष्य में श्री तारण तरण जैन युवा परिषद बटियागढ़ के सदस्यों द्वारा शासकीय स्कूलों के गरीब छोटे छोटे छात्रों के लिए प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गरम स्वेटर बांटे, नव निर्वाचित अध्यक्ष विवेक जैन के नेतृत्व मे गरम स्वेटर वितरण किए गए है। जिसमें शास. प्राथमिक शाला गीदन, शास. प्राथमिक शाला सकरी, शास. प्राथमिक शाला कैथोरा और शेखपुरा, शास. प्राथमिक शाला सौरई एवं सीतावारी छात्रों को स्वेटर बांटे गए। सभी स्कूल के बच्चे खुश हुए साथ में सभी स्कूल के शिक्षकों ने युवा परिषद बटियागढ़ का आभार व्यक्त किया। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि युवा परिषद् सालभर जनहित के कार्य करती है।

### दक्षिण पन्ना में दुर्लभ संकटग्रस्त वूली नेक्टड स्टॉर्क की मौजूदगी

## वूली नेक्टड स्टॉर्क की उपस्थिति दर्ज

**पन्ना।**

दक्षिण पन्ना वन मण्डल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र मोहन्द्रा में दुर्लभ वूली नेक्टड स्टॉर्क (हाजी लग-लग) की उपस्थिति दर्ज की गई है। प्रकृति संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया द्वारा ली गई तस्वीरों के माध्यम से इस दुर्लभ पक्षी की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। वूली नेक्टड स्टॉर्क अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आई यू सी एन) की रेड लिस्ट में निकट संकटग्रस्त प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध है। यह पक्षी प्रायः झीलों, तालाबों, नदियों, दलदली क्षेत्रों, आर्द्रभूमियों तथा खुले वन क्षेत्रों के आसपास पाया जाता है, जहाँ इसे पर्याप्त भोजन एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध होता है। दक्षिण पन्ना क्षेत्र में वूली नेक्टड स्टॉर्क का पाया जाना क्षेत्र की समृद्ध , एवं स्वस्थ पारिस्थितिकी का महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी प्रकृति संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया द्वारा दुर्लभ लेसर एडजुटेंट, ब्लैक स्टॉर्क एवं पेंटेड स्टॉर्क की उपस्थिति दर्ज की जा चुकी है। लगातार इन संवेदनशील एवं दुर्लभ पक्षी प्रजातियों का अवलोकन इस क्षेत्र में समृद्ध जैव विविधता को दर्शाता है। वूली नेक्टड स्टॉर्क जैसे दुर्लभ एवं निकट संकटग्रस्त पक्षियों के संरक्षण के लिए उनके प्राकृतिक रहवास नदियों, तालाबों, जलाशयों एवं आर्द्रभूमियों का संरक्षण आवश्यक है।

## महिला जैन मिलन ने की तीर्थ यात्रा, गरीबों को दिये गर्म कपड़े....



**दमोह।** जैन महिला मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 नेमिनगर की महिलाओं ने तीर्थ क्षेत्र की यात्रा प्रारंभ की। सबसे पहले हम सभी ने बीनाबारह में अतिशयकारी प्राचीन प्रतिमाओं के दर्शन किये। प्रमाण सागर महाराज जी का पड़गाहन देखा। उसके बाद हम सभी महिलाओं ने देवरी में भगवान के दर्शन किये। उसके पश्चात हम सभी चतुर्थ कालीन मूर्तियों के दर्शन करने रहली पटनागंज पहुंचे। फिर सभी ने चांदपुर में अभय सागर महाराज जी ससंघ विराजमान थे। उनके दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद सभी जैन मिलन की वीरांगना महिलाऐं क्षेत्रीय मंत्री अति वीरांगना कविता ऋषभ जैन शाखा अध्यक्ष वीरांगना सीमा बाबा ,शाखा कोषाध्यक्ष वीरांगना दिशा,प्रचार मंत्री सीमा आगरा,वीरांगना चंद्रप्रभा वीरांगना ज्योति ,वीरांगना सीमा बटियागढ़, वीरांगना अनीता, वीरांगना शिल्पी जैन आदि वीरांगनाओं ने आप चंद मंदिर के पास गरीब महिलाओं को वह बच्चों को बुलाकर ठंड से बचने के लिए कंबल व वस्त्र दिए। उसके बाद हम सभी बहनों ने पटेरिया जी में पारसनाथ भगवान के दर्शन कर वापस अपने घर दमोह के लिए प्रस्थान किया ।

## अटलजी का जन्मोत्सव मनाया



**जबेरा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष पर जबेरा में पुरानी अस्पताल के पास वृद्धजन एवं सेवानिवृत्तियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सम्मिलित हुए।राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर आधारित विभिन्न वृतांतो पर प्रकाश डालते हुए उनकी प्रेरणादायक कविताओं का वाचन किया।उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन के नेतृत्व में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है लगातार 21 वर्षों से इसकार्यक्रम का तौलिया से किया। कार्यक्रम में जबेरा नगर एवं आसपास के वृद्ध जनों के साथ सेवानिवृत टी कर्मचारियों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में कमल सिंघाई ने अपने उद्बोधन में माननीय मंत्री महोदय से जबेरा ग्राम में अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति स्थापित करने की मांग की जिसे माननीय मंत्री महोदय ने अपने उद्बोधन में स्वीकार करते हुए कहा कि आगामी समय में जबेरा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा स्थापित की जावेगी। अंत में आभार प्रदर्शन नीरज जायसवाल के द्वारा किया गया।

## बंशीपुर में मिले मृत तेंदुये का हुआ अंतिम संस्कार



**जबेरा।** दर नाले के किनारे मृत अवस्था में तेंदुए का शव मिला था जिसे वन विभाग के अधिकारियों डीएफओ ईश्वर जरांडे एसडीओ तेंदूखेड़ा प्रतीक दुबे एवं तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे की मौजूदगी में कब्जे में लेकर के जांच शुरू की गई थी एवं शवका पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। जांच के लिए तेंदुए का बिसरा सुरक्षित कर प्रयोगशाला भेजा गया है। वन विभागकेअधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेंदुए के शरीर पर किसी भी प्रकार की चोट या खरोंच के निशान नहीं पाए गए हैं। पोस्टमार्टम के दौरान तेंदुए की आंते पूरी तरह खाली पाई गई है जिससे आशंका जताई जा रही है कि मौत भूख कमजोरी या किसी गंभीर बीमारी के कारण हुई हो सकती हैं। हालांकि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लैब रिपोर्ट आने के उपरांत ही स्पष्ट होगी।

# इकलौता डिक्सन परिवार में धूमधाम से मनाया क्रिसमिस डे

**तेंदूखेड़ा।** क्रिसमिसडे पर नगर के संजीव डिक्सन परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष एक दिन पूर्व घर में क्रिसमिस ट्री व सम्पूर्ण घर को सजाया गया। इकलोता डिक्सन परिवार लगभग 53 वर्षो से निवास कर रहा है। जिनके नगर में मधुर संबंध होने के कारण लोग हमेशा डिक्सन परिवार के साथ समरसता का भाव रखते है। पहले अनेक वर्षो में डिक्सन परिवार के लोग समरसता भोज का कार्यक्रम कराते थे लेकिन अब परिवार में एक भाई को बीमारी की समस्या, आने के कारण इस वर्ष भोज का कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ है। लेकिन नगर के समाजसेवी, जनपप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने डिक्सन परिवार को क्रिसमिस डे की शुभकामनाएं देते है। संजीव डिक्सन, राजू डिक्सन एवं नवीन डिक्सन, अविनाश डिक्सन, विकल्प डिक्सन को क्रिसमिस डे की बधाईयां दी।

## महाराजा खेतसिंह खंगार जूदेव की जयंती आयोजन को लेकर बैठक संपन्न




**दमोह।** महाराजा खेतसिंह खंगार जूदेव की जयंती मनाने की तैयारियों के संबंध में दिनांक 25 दिसंबर 2025 को ग्राम सोमखेड़ा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दमोह जिले सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से क्षत्रिय खंगार समाज के बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। बैठक में प्रथम हिंदू अधिपति, गढ़कुंडार नरेश महाराजा खेतसिंह खंगार जूदेव की जयंती को भव्य रूप से मनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर खंगार क्षत्रिय समाज दमोह के अध्यक्ष रंजन सिंह खंगार एवं उपाध्यक्ष भगवत सिंह ने समाजजनों को अवगत कराया कि दिनांक 27 से 29 दिसंबर तक निवाड़ी जिले के गढ़कुंडार में जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु सहभागिता करते हैं। बैठक में प्रस्तावित तीन दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा सहभागिता से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आह्वान किया गया।

## खबर संक्षेप

### निः शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण

**दमोह।** जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का निशुल्क वितरण सफलतापूर्वक किया गया है। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक विद्यार्थी को समय पर आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो, ताकि उनकी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सके। शिक्षा विभाग द्वारा जानकारी दी गई है यदि किसी विद्यार्थी को निशुल्क किताबें प्राप्त नहीं हुई हों या वितरण से संबंधित किसी प्रकार की समस्या आ रही हो, तो अभिभावक अथवा विद्यार्थी दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

### मंत्री श्री पटेल ने पंचांग का किया विमोचन

**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने पंडित अयोध्या प्रसाद गौतम पंचांग 2026 का आज विमोचन किया। पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारीयों, वरिष्ठ पत्रकारों, समाजसेवियों की उपस्थिति में पंडित गौतम पंचांग की सराहना की गई। पंचांगकर्ता डॉ प्रकाश गौतम द्वारा पंचांग की विशेषताएं बताई।

### मतदाता जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

**दमोह।** क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के 30 ग्राम पंचायतो के 77 मतदान केन्द्रों पर प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई। ज्ञात हो कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के जिला पंचायत सदस्य पद हेतु निर्वाचन 29 दिसंबर 2025 को संपन्न होगा।

### पक्षियों की आमद से गुलजार हुआ टाईगर रिजर्व, टुकुर-टुकुर निहार रहे सैलानी

# सर्दियों में दूर देश से वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व आए 170 किस्म के प्रवासी पक्षी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व का वातावरण प्रवासी पक्षियों को पसंद आ रहा है सर्दी के सीजन में यहां बड़ी संख्या में देश और विदेशी पक्षियों ने अपना डेरा जमा लिया है रिजर्व के अफसरों का कहना है यह तीन से चार हजार किमी तक की दूरी तय कर प्रवासी पक्षी रिजर्व पहुंच रहे हैं इस बार फिर से ठंड के मौसम में इन प्रवासी पक्षियों का पहुंचना शुरू हो गया है ये टाइगर रिजर्व के तालाब और नदियों के कुंड के आसपास आसानी से देखे जा सकते हैं रिजर्व में बाघों के साथ-साथ देखने और घूमने के लिए बहुत कुछ है. खासकर सर्दी के सीजन में नए साल की छुट्टियों के दौरान यहां धूप सेंकते बाघों और दूसरे वन्य जीवों के अलावा आप देश-विदेश के पक्षियों को उड़ान भरते, फुदकते और चहचहाते हुए देख सकते हैं रिजर्व में 170 स्थानीय प्रजातियों के पक्षी मौजूद हैं सर्दी के मौसम में यहां विदेशी पक्षी भी काफी संख्या में पहुंचते हैं. खासकर प्रवासी पक्षी देश और दुनिया के उन इलाकों से आते हैं, जहां सर्दी के मौसम में काफी ठंड और बर्फवारी के हालात बन जाते हैं. हिमालय से लेकर यूरोप और अफ्रीका के पक्षी यहां कई हजारों किमी का सफर तय करके पहुंचते हैं. यहां की नदियां, तालाब और उनके आसपास के मैदान उनकी पसंदीदा जगह होते हैं. इनमें हिमालयन ग्रिफन, पेंटेड स्टार्क, ब्लैक और यूरोप, एशिया और अफ्रीका में पाये जाने वाला ग्रे हेरान भी आसानी से नजर आ जाते हैं।

### प्रवासी पक्षियों की सबसे पसंदीदा जगह है नौरादेही

जहां तक नौरादेही टाइगर रिजर्व की बात करें, तो प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है और टाइगर रिजर्व बनने से पहले ही यहां प्रवासी पक्षी पिछले कई सालों से लगातार आते हैं. दरअसल यहां की जलवायु इसका सबसे बड़ा कारण है. यहां की जलवायु उष्णकटिबंधीय जलवायु है. आमतौर पर यहां मई का महीना काफी गर्म और जनवरी सबसे ठंडा होता है. लेकिन प्रवासी पक्षियों के लिए उन इलाकों से काफी बेहतर होता है, जहां सर्दियों में भारी सर्दी और बर्फवारी होती है। यहां मौजूद तालाब और 2 नदियों के किनारे इन पक्षियों के प्रमुख ठिकाने हैं. नौरादेही टाइगर रिजर्व का छेवला तालाब तो प्रवासी पक्षियों की पसंदीदा जगह है. इसके अलावा जगरासीखेड़ा तालाब और बमनेर और व्यारमा नदी किनारे प्रवासी पक्षियों के झुंड देखने मिल जाएंगे।

### करीब 170 स्थानीय प्रजातियां

नौरादेही टाइगर रिजर्व में प्रवासी पक्षियों के अलावा यहां 170 स्थानीय प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं. स्थानीय प्रजातियों में बाज, गिद्ध, सारस, एग्रेट्स, स्टोर्क्स, फ्लाई कैचर्स, मैना, कबूतर, कोयल, उल्लू, तीतर और बटेर काफी संख्या में पाए जाते हैं

### सर्दियों में 7 प्रजातियों के गिद्धों का पसंदीदा ठिकाना

नौरादेही टाइगर रिजर्व देशी और विदेशी गिद्धों का पसंदीदा ठिकाना है. यहां पर सर्दियों के मौसम में 7 प्रजातियों के गिद्ध देखने मिल जाते हैं. खासकर हिमालय ग्रिफन गिद्ध काफी संख्या में यहां पहुंचते हैं. हिमालय के अलवा तिब्बत, अफगानिस्तान और तुर्केमिस्तान से भी गिद्ध पहुंचते हैं. ये गिद्ध काफी बड़ा और पीले रंग का होता है. हिमालयन ग्रिफन आज से नहीं पिछले कई सालों से सर्दियों के मौसम में काफी संख्या में आ रहे हैं

### दूसरे प्रवासी पक्षी भी कर रहे हैं आकर्षित

प्रवासी गिद्धों के अलावा दूसरे प्रवासी पक्षी काफी संख्या में पहुंचते हैं. यहां वुली नेक्ड स्टार्क, पेंटेड स्टार्क सर्दियां बिताने काफी संख्या में पहुंचते हैं. इसके अलावा ब्लैक स्टार्क का ये प्रजनन काल भी होता है और ये भी काफी संख्या में नजर आते हैं. इसके अलावा यूरोप और अफ्रीका के ग्रे हेरान यहां देखे जा सकते हैं. इसके अलावा यहां ग्रेब भी काफी संख्या में पहुंच चुके हैं, जिन्हें स्थानीय भाषा में लोग पनडुब्बी कहते हैं. इस बार की सर्दियों में यहां कॉमन विसलिंग डक काफी संख्या में पहुंचते हैं. इनकी सीटी लोगों को काफी लुभाती है. यहां के तालाबों में बगुले भी काफी संख्या में इस बार नजर आ रहे हैं

### प्रवासी पक्षियों को इसलिए भा रहा रिजर्व

प्रवासी पक्षियों को रिजर्व की आवोहवा, विशाल जंगल और यहां के प्राकृतिक जल स्त्रोत काफी पसंद आते है। इसी कारण यहां पर भारत के आसपास के देशों के अलावा एशिया और यूरोप के दूसरे देशों से काफी संख्या में प्रवासी पक्षी सर्दियों में पहुंचते हैं। रिजर्व के तीन तालाब और दोनों नदियों के आसपास प्रवासी पक्षियों का ठिकाना होता है। जिनमें जगरासी खेड़ा, छेवला, जगतराई तालाब और व्यारमा एवं बामनेर नदी के कुंड या तालाबनुमा संरचनाओं के आसपास पक्षियों को आसानी से देखा जा सकता है। आबो-हवा पसंद आने के कारण यहां सात तरह के गिद्धों के साथ हरियाणा में पाई जाने वाली वुली नेक्ड स्टार्क के अलावा पेंटेड स्टार्क (सारस) भी देखे जा सकते हैं। इसके अलावा ब्लैक स्टार्क तो प्रजनन के लिहाज से पहुंचते हैं और तालाब और नदी किनारे के पेड़ों को अपना ठिकाना बनाते हैं।

### प्रवासी पक्षियों का पसंदीदा ठिकाना है नौरादेही

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ ए ए अंसारी कहते हैं कि ‘नौरादेही को 1975 में एक अभ्यारण्य के तौर पर अधिसूचित किया गया था. तब से ही ये इलाका प्रवासी पक्षियों का पसंदीदा ठिकाना रहा है. यहां आज से नहीं कई सालों से यूरोप, अफ्रीका और एशिया के दूसरे देशों के पक्षी सर्दियां बिताने बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।सर्दियों के मौसम में यहां के छेवला तालाब, जगरासी खेड़ा तालाब के अलावा यहां की बमनेर और व्यारमा नदी इन प्रवासी पक्षियों का पसंदीदा ठिकाना होता है. कई प्रवासी पक्षी यहां अपना प्रजनन काल बिताने और बच्चे देने भी आते हैं. यहां विस्थापन प्रक्रिया के कारण जो गांव खाली हो रहे हैं, वहां के जलस्त्रोतों में भी प्रवासी पक्षी नजर आ रहे हैं. क्रिसमस और न्यू ईयर की छुट्टियों में यहां काफी पर्यटक प्रवासी पक्षियों को देखने पहुंचते हैं।

# खमरगौर माध्यमिक शाला में मीनू मुताबिक नहीं मिलता मध्यान भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

एक और जहां सरकार शासकीय स्कूलों में छात्रों के लिए मध्यान भोजन की व्यवस्था करके छात्रों को रुचिकार भोजन वितरण कर छात्र-छात्राओं को स्कूल में ही दोपहर का भोजन उपलब्ध करा रही है। वहीं दूसरी ओर स्कूलों में मध्यान भोजन वितरण करने वाले कुछ समूह के संचालक छात्रों के मुहं से निवाला छीनकर अपनी तिजोरिया भरने का कार्य कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम खमरगौर के मिडिल स्कूल में देखा जा सकता है प्राप्त जानकारी अनुसार खमरगौर के मिडिल स्कूल में छात्रों की दर्ज संख्या 171 है। इन छात्रों के लिए मध्यान भोजन वितरण करने की जिम्मेदारी ग्राम के ही जय बजरंग सह सहायता समूह के हाथों में सौंपी गई है, स्कूल में अध्यरात छात्रों ने हरिभूमि को बताया कि हमारे स्कूल में मेनू मुताबिक मध्यान भोजन नहीं परोसा जाता है, हम लोगों को पुलाव एवं राजमा की सब्जी तो कभी मिली ही नहीं हैं। गौरतलब है कि शासन के नियम मुताबिक सात दिवस में हर एक दिन अलग-अलग मध्यान भोजन छात्रों को दिया जाना सुनिश्चित किया गया है लेकिन शायद ही कहीं पर नियम मुताबिक मध्यान भोजन दिया जाता हो। कुछ ग्रामीण जनों ने भी अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि यह बात सच है कि स्कूल में मध्यान भोजन शासन के नियम अनुसार वितरण नहीं किया जाता है। समूह के संचालक अपने मन मुताबिक मध्यान भोजन वितरण करते हैं, अक्सर देखा गया है कि स्कूलों में छात्रों की संख्या तो सैकड़ो की तादाद में होती है लेकिन इन छात्रों को मध्यान भोजन समूह के मुखिया दो थैलों में भर के ले जाते हैं। यहां पर विचारणीय पहलू यह है कि मान लीजिए की स्कूल में 171 छात्र हैं इन छात्रों के लिए क्या? दो थेलों में ले जाया गया मध्यान भोजन पर्याप्त है? शासन भले ही छात्रों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए मध्यान भोजन के रूप में पौष्टिक आहार मुहैया करा रही हो, लेकिन मध्यान भोजन वितरण करने वाले समूह वह पौष्टिक आहार छात्रों तक पहुंचाते भी हैं या नहीं? शासन और प्रशासन को इसकी भी निगरानी करनी चाहिए, ज्ञात हो की समय-समय पर ग्रामीण जनों द्वारा जय बजरंग सह सहायता समूह द्वारा मिडिल स्कूल में वितरण किए जाने वाले मध्यान भोजन में व्याप्त अनियमिकताओं की शिकायतें भी की जाती रही है लेकिन इसके बावजूद भी समूह द्वारा मध्यान भोजन वितरण में कोई सुधार नहीं किया गया एवं मेनू अनुसार भोजन वितरण नहीं किया जाना अनियमितताओं को उजागर कर रहा है। इस पूरे मामले पर जब स्कूल के प्रधान अध्यापक एवं समूह के मुखिया से बात करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# अटल स्मृति कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं श्रद्धेय नेता अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, दमोह में अटल स्मृति पर्व के अंतर्गत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राहुल सिंह जी (सांसद, लोकसभा दमोह) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सदानंद गौतम (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला प्रभारी, दमोह) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने की। मंचासीन प्रमुख अतिथियों एवं पदाधिकारियों में पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत छाबड़ा, विद्यासागर पांडे, राजेंद्र सिंघई, जिला महामंत्री अरुण तिवारी, रामेश्वर चौधरी, महेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, संजय यादव, अमित बजाज, मनीष तिवारी, राघवेंद्र परिहार, जिला मंत्री श्रीमती श्यामा उरेती, भारत यादव, जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, सह कार्यालय मंत्री दिलीप चौरसिया, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेई, सुरेंद्र तोमर, बृजेश सिंह, दान सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रसेवा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अटल जी की कविताओं का वाचन भी किया गया। SIR विषय पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं दमोह जिला प्रभारी सदानंद गौतम ने अपना प्रेरक उद्बोधन दिया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। कार्यक्रम में दमोह लोकसभा सांसद आदरणीय राहुल सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में दमोह विधानसभा के समस्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अटल जी के विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा दमोह विधानसभाके पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पावर हाउस बनाने के लिए ग्राम पंचायत सर्रा में जगह का किया गया निरीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के प्रयास के बाद एवं जिला कलेक्टर द्वारा आयोजित बैठक दिनांक 22 दिसंबर को दिए गए आदेश के पालन हेतु बिजली विभाग द्वारा पावर हाउस बनाने हेतु ग्राम सर्रा मैं भूमि चयन करनी हेतू विद्युत विभाग की टीम सर्रा पहुंचकर मौका स्थल का जायजा दिया। खसरा नंबर 702 में पावर हाउस का निर्माण करने हेतु सहमति बनी कनिष्ठ अभियंता तेंदूखेड़ा एस,एफ अंसारी ने बताया कि यह क्षेत्र पावर हाउस बनाने के लिए बिल्कुल सुरक्षित है। नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सलाहकार श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि कोर एरिया में क्षेत्र आने के कारण शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाएं पर प्रतिबंधित है। लेकिन यह क्षेत्र विस्थापित नहीं होना चाहता है इसलिए तमाम योजनाओं पर लगा हुआ प्रतिबंध हटना चाहिए। बिजली की उत्तम व्यवस्था होने पर क्षेत्र वासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों से निजात मिलेगा। ग्राम पंचायत सर्रा,वोरिया,कुतपुरा एवं फुलर द्वारा पंचायत द्वारा पास प्रस्ताव कनिष्ठ अभियंता तेंदूखेड़ा को सौपा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जुगल किशोर पटेल,खल्ला पटेल,वड्डे पटेल, सरपंच दिनेश खरे, सचिव मानसीग यादव, कुंजबिहारी विश्वकर्मा, नोने लाल,जगन सींग सरपंच,पुसऊसीग सरपंच,घासी वंसकार सरपंच,परम, गिरधारी परस्ते वड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# एमएसएमई योजनाओं पर व्यापक मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

लघु उद्योग भारती दमोह इकाई एवं वी.जे.एस. (विश्व जैन संगठन) के संयुक्त तत्वावधान में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) योजनाओं को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दमोह जैसे जिले के उद्योगपतियों, छोटे व्यापारियों एवं नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को शासन की योजनाओं की सही और व्यावहारिक जानकारी देना रहा। इस अवसर पर जिलाधीश सुधीर कुमार कोचर का विशेष मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी संदेश प्राप्त हुआ।

जिलाधीश महोदय ने कहा कि शासन की मंशा है कि दमोह जैसे विकासशील जिलों में अधिक से अधिक स्थानीय उद्योग स्थापित हों, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और युवाओं को अपने ही जिले में काम मिले। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में सम्माननीय निरंजन जी का उद्बोधन मुख्य आकर्षण रहा। उन्होंने बताया कि दमोह जैसे जिलों को शासन द्वारा अतिरिक्त सब्सिडी, ब्याज में छूट, बिजली शुल्क में रियायत, भूमि एवं प्लॉट आवंटन में विशेष सुविधा दी जाती है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि वे सही जानकारी और सरकारी पोर्टल का उपयोग कर कम पूंजी में भी उद्योग प्रारंभ कर सकते हैं। वी.जे.एस. (विश्व जैन संगठन) के अध्यक्ष डॉ. सतेंद्र जैन ने समाज के युवाओं से स्वरोजगार को अपनाने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

लघु उद्योग भारती दमोह इकाई के अध्यक्ष सेवंत जैन ने कहा कि संगठन लगातार दमोह जिले में उद्योग हितैषी वातावरण बनाने, उद्यमियों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने और मार्गदर्शन देने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन दिलेश चौधरी (सचिव, लघु उद्योग भारती दमोह) ने किया। अंत में कार्यक्रम प्रभारी संचित सेठ ने सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन में यह भी बताया गया कि भविष्य में एमएसएमई योजनाओं, सब्सिडी, ऑनलाइन पोर्टल, पूंजी व्यवस्था, कैश फ्लो एवं बाजार उपलब्धता से जुड़ी जानकारियां लगातार साझा की जाती रहेंगी। उद्यमियों से आग्रह किया गया कि वे मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु लघु उद्योग भारती दमोह के पदाधिकारियों से संपर्क करें।



# प्रतिभा की नई उड़ानः प्रथम क्रिएटिविटी क्लब का सम-लेवल मेला

**बनवार/दमोह।** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने प्रथम क्रिएटिविटी क्लब के माध्यम से सम-लेवल मेला का आयोजन किया। यह मेला दमोह ब्लॉक की ग्राम पंचायत बांदकपुर में संपन्न हुआ, जिसमें चयनित बच्चों ने थियेटर आर्ट, परफॉर्मिंग आर्ट और विजुअल आर्ट की विभिन्न कार्यशालाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में प्रथम क्रिएटिविटी क्लब की कोऑर्डिनेटर निधि कुशवाह ने ट्रेनर के रूप में बच्चों के साथ कई रोचक और प्रेरणादायक गतिविधियां कराईं। बच्चों ने टीमवर्क, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास का अनुभव किया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक, विभिन्न गांवों के वॉलेंटियर और विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रतिभा और उत्साह की खुले दिल से सराहना की। इस सम-लेवल मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारना और कला के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। बच्चों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सदस्य, शिक्षक और स्वयंसेवक सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेले की सफलता बच्चों के उज्वल भविष्य और रचनात्मकता के नए आयाम खोलने की प्रेरणा बन गई।

### 27 से 29 दिसंबर तक में शराब बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिले में पंचायतों के उपनिर्वाचन 2025 (उत्तरार्ध) के रिक्त पदों हेतु मतदान 29 दिसंबर को प्रातः 07 बजे से अपराह्न 03 बजे तक संपन्न होगा। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मदिरा निषेध के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार ग्राम देवरान, चम्पतपिपरिया, नरसिंहगढ़, कुम्हारी, पटेरिया सगौनी, पटेरा ए एवं पटेरा बी में 27 दिसंबर को अपराह्न 03 बजे से 29 दिसंबर को मतदान समाप्ति तक मदिरा का क्रय-विक्रय पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

# अटल स्मृति पर्व सम्मेलन का हुआ आयोजन

**पथरिया**-भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर पथरिया विधानसभा क्षेत्र में अटल स्मृति पर्व सम्मेलन का आयोजन संस्कार मैरिज गार्डन नरसिंहगढ़ में किया गया। इस सम्मेलन में "वीर बाल दिवस" को मुख्य विषय के रूप में रखा गया, जिसके माध्यम से साहस, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की भावना पर प्रकाश डाला गया और इस अवसर पर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक व पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित व भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे जी एवं **SIR** जिला संयोजक नरेंद्र व्यास जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी का जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतंत्र और सुशासन का प्रेरणास्रोत रहा है। वहीं वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए युवाओं और बच्चों में राष्ट्रप्रेम और साहस के संस्कार विकसित करने का आह्वान किया गया,सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने अटल जी के विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री महेश पटैल,अरुण तिवारी, रामेश्वर चौधरी,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटैल, पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष करन सिंह, जिला मंत्री कपिल शुक्ला,जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल, अरविन्द पटेल, श्याम गर्ग, रमेश कुशवाहा,धर्मेन्द्र सिंह, केदार चौधरी,जनपद




अध्यक्ष खिलान अहिरवाल, नगर परिषद अध्यक्ष सुन्दर विश्वकर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ताओ की विशेष उपस्थिति रही।

TIMES COLLEGE OF PHARMACY
Approved by Pharmacy Council of India, New Delhi
Affiliated to Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya, Bhopal
Admissions Open 2025-26
सत्र 2025-26 में प्रवेश का अंतिम अवसर
D.PHARM
Diploma in Pharmacy
Duration : 2 Years
B.PHARM
Bachelor in Pharmacy
Duration : 4 Years
कॉलेज लेवल काउंसलिंग द्वारा प्रवेश
दिं 30-12-2025 तक
CALL :- 6232616479, 7389915182, 7389045040, 9131308469
ADDRESS : IN FORNT OF VAISHALI NAGAR, DAMOH, M.P. - 470661